उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 82/2019/2050/71-1-18-जी-103/2018
लखनऊः दिनांकः 30 सितम्बर, 2019

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध आब्स एण्ड गायनी की विशिष्टिता में आचार्य के अनारक्षित रिक्त 02 पदों पर नियुक्ति हेतु शासन के पत्र संख्या-3327/71-1-2017-जी-277/2010 टी0 सी0, दिनॉक 03-11-2017 द्वारा प्रेषित अधियाचन के क्रम में लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 प्रयागराज के पत्र संख्या-150/80/डी0 आर 0/सेवा-8/2017-18, दिनांक 14-02-2019 द्वारा उपलब्ध करायी गयी चयन संस्तुति के आधार पर राज्यपाल महोदय डा0 सपना सिंह, (रजिस्ट्रेशन संख्या-53000177942), पता-टी03, 2 जी, रूद्र ग्रीन्स, अपार्टमेन्ट ,बिठूर रोड,कल्याणपुर, कानपुर, उ0प्र0-208017 को वेतनमान रू0 37400-67000, ग्रेड पे रू0 10,000/- में राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में आचार्य, आब्स एण्ड गायनी के पद पर निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) संबंधित अभ्यर्थिनी को समय-समय पर प्रदत्त शासनादेशों के अंतर्गत अनुमन्य मँहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।
(2) 01 माह के अन्दर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लें अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा तथा अभ्यर्थन समाप्त कर दिया जायेगा।
(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
(4) उत्तर प्रदेश सरकारी चिकित्सक (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।
(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली 1990 तथा यथासंशोधित नियमावली के प्राविधानों के अधीन होगी। उक्त नियमावली के नियम 18 के अंतर्गत परिवीक्षा अवधि 02 वर्ष की होगी।
(6) यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।
(7) अभ्यर्थिनी के चरित्र सत्यापन एवं प्राग्वृत्त के सत्यापन एवं सतर्कता जॉच की आख्या में प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर उनके चयन/नियुक्ति को निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थिनी को निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) 02 ऐसे राजपत्रित अधिकारी, जो सेवा में हों और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हों, किन्तु उनके सम्बन्धी न हों, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाण-पत्र।
(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के सम्बन्ध में एक शपथ-पत्र।
(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।
(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।
(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।
(6) एक से अधिक जीवित पति न होने का प्रमाण-पत्र।

अमित सिंह बंसल
विशेष सचिव।

संख्या-**82/2019/2050**(1)/71-1-19-तद्दिनांक-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ 0 प्र 0 प्रयागराज।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ 0 प्र 0 लखनऊ।
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, उ 0 प्र 0 प्रयागराज।
4. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
5. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर ।
6. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर ।
7. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ 0 प्र 0 प्रयागराज को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
8. डा0 सपना सिंह, (रजिस्ट्रेशन संख्या-53000177942), पता-टी03, 2 जी, रूद्र ग्रीन्स, अपार्टमेन्ट ,बिठूर रोड,कल्याणपुर, कानपुर,उ 0 प्र 0-208017 (पंजीकृत)।
9. कार्मिक अनुभाग-1/2, उ 0 प्र 0 शासन।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस०पी०सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।